हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026

11 बुढ़ापा पेंशन कटने से बुजुर्गों में रोष, बहाली के ...



12 एआईडीवाईओ ने महान क्रांतिकारी नेताजी ...



**खबर संक्षेप**

## भिवानी में गंगवा व तोशाम में किरण फहराएंगी तिरंगा

**भिवानी।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा जिला मुख्यालय पर भीम स्टेडियम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वहीं राज्यसभा सांसद किरण चौधरी तोशाम के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। लोहारू के समारोह में बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि और सिवानी में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ मुख्य अतिथि होंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

## बवानीखेड़ा में जैसलमेर के बेरों की धूम

**बवानीखेड़ा।** जमालपुर निवासी बिनू पुत्र ईश्वर सिंह द्वारा जैसलमेर के काले बेरों का पिछले काफी दिनों से विक्रय किया जा रहा है। जिसकी शहर तथा आसपास के गांवों में काफी चर्चाएं हो रही हैं। बेर काले रंग के और नर्म है जो खाने में स्वादिष्ट हैं। बिनू ने बताया कि वह पिछले तीन माह से बेरों को बेचने का कार्य कर रहा है जैसलमेर के काले बेर रुद्राक्ष लुक जैसे हैं जो देखने में भी मन को लुभाते हैं और खाने पश्चात ग्राहकों के स्वाद को और अधिक स्वादिष्ट बनाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन मीठे बेरों का स्वाद हर व्यक्ति को भाता है।

## मित्ताथल में हवन-यज्ञ व मेला-भंडारा 31 को

**भिवानी।** गांव मित्ताथल के बाबा खुबीनाथ धाम में माघ मास की चतुर्दशी के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति 31 जनवरी को हवन-यज्ञ, विशाल मेले व भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा खुबीनाथ व महंत बाबा चमन गिरी की प्रतिमा के समक्ष महंत बाबा भगवान गिरी द्वारा दीप प्रज्जवलित करके तथा हवन के साथ किया जाएगा। मेले व भण्डारे में समस्त ग्रामीणों का विशेष योगदान रहेगा। भंडारे में गंगाजल व गाय के घी के साथ प्रसाद तैयार किया जाएगा। मेले व भण्डारे में दूरदराज से श्रद्धालु व साधु संत भाग लेंगे।

# झमाझम बरसे बदरा, फसलों में होगा फायदा, निचले इलाकों में भरा पानी

## कुछ किसानों के चेहरे खिले और कुछ के मुरझाए, वाहन चालक भी रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार अल सुबह से कभी हल्की तो कभी तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। चूंकि इस वक्त फसलों को सिंचाई की बेहद ज्यादा जरूरत थी। बारिश से फसलों में फुटाव बढ़ेगा और औसतन पैदावार में काफी बढ़ोतरी होगी। वहीं दूसरी तरफ ढलान वाले इलाकों में जल जमा होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि बारिश रुकने के एक घंटे बाद पानी की निकासी हो गई,लेकिन जितने समय पानी सड़कों पर जमा रहा, उतने वक्त लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं जिन इलाकों में अभी भी खेतों में पानी जमा है। उनके लिए बारिश आफत से कम नहीं रही। बारिश ने फिर से खेतों में पानी बढ़ा दिया है।

*इस वक्त फसलों को सिंचाई की थी सख्त जरूरत*

### रुक-रुक कर गिरा पानी

शुक्रवार अल सुबह अचानक बादलों की गड़गड़ाहट के साथ आसमान से पानी बरसना शुरू हुआ। हालांकि एक साथ तेज बारिश नहीं आई,लेकिन रुक रुक कर आसमान से पानी बरसता रहा। बारिश का सिलसिला शुक्रवार दोपहर दो बजे तक रहा। इस दौरान कभी हलकी बूंदाबांदी तो कभी तेज बारिश ने रबी फसलों को खूब नहलाया। बारिश से फसलों पर रौनक आ गई। फिलहाल रबी फसलों को सिंचाई की जरूरत थी।

आज हुई बारिश ने फसलों की सिंचाई की कमी को पूरा कर दिया। अब फसलों में बेहतरीन फुटाव होगा और जिससे फसलों की औसतन पैदावार में काफी बढौतरी होगी। खासकर गेहूं, जौ व सरसों की फसल में फुटाव बना हुआ है अब बारिश से वह फुटाव जल्दी बढ जाएगी और उसकी औसतन पैदावार में काफी बढ़ौतरी होगी।

### जलभराव से समस्या, शिवनगर में देरी से हुई निकासी

अल सुबह हुई हलकी बारिश से भी शहर के अनेक इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी। सबसे ज्यादा समस्या शिवनगर इलाके में बनी। वहां पर पानी की निकासी में देरी की वजह से अनेक जगहों पर पानी जमा रहा। लोगों को उसी पानी के अंदर से होकर गुजरना पड़ा। हालांकि बाद में पानी की निकासी हो गई थी,लेकिन जितने वक्त सड़कों पर पानी जमा रहा। इतने वक्त लोगों को खासी परेशानी रही।



### बूंदाबांदी ने रोके बिजली के कदम



अल सुबह तेज हवा के साथ आई बारिश ने बिजली की सप्लाई के कदम रोक दिए। फाल्ट की वजह से खासकर बवानीखेड़ा सहित करीब दस गांवों में पहुंचने वाली सप्लाई पर पूरी तरह से ब्रेक रहे। बड़सी बिजली घर में आई खराबी की वजह से इन गांवों से रात को ही बिजली गायब हो गई थी। उसके बाद कई बार बिजली चालू करने का प्रयास किया गया,लेकिन बात नहीं बनी। बारिश पर ब्रेक लगे तो बिजली की फिल्ड टीम ने बिजली की लाइन की जांच करनी आरंभ की। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बिजली में आए फाल्ट को दूर किया जा सका। करीब दस बजे के आसपास बवानीखेड़ा सहित दस गांवों में बिजली की सप्लाई चालू हो पाई।

## गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, चलाया अभियान

# निर्धारित परेड ग्राउंड व आसपास की जगह को बारीकी से चेक किया

- एसआई भीमसिंह व सिटी पुलिस टीम, डॉग स्क्वॉड एवं गुप्तचर विभाग ने मिलकर न्यायिक परिसर में संदिग्ध वस्तुएं जांची



**चरखी दादरी।** गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर दादरी पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया। एसआई भीमसिंह व सिटी पुलिस टीम, डॉग स्क्वॉड एवं गुप्तचर विभाग ने मिलकर न्यायिक परिसर में संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी की। ऑपरेशन के तहत पुलिस टीम ने न्यायालय के अंदरूनी व बाहरी क्षेत्रों, पार्किंग स्थल और प्रतीक्षालयों का निरीक्षण कर संदिग्ध पदार्थों और अवैध वस्तुओं की तलाशी के लिए जांच की। इस दौरान किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, विस्फोटक या गोपनीय सामग्री नहीं पाई गई और अदालत में पेश होने वाले व निरीक्षण में आए लोगों को चैक किया। इसके बाद 26 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए निर्धारित परेड ग्राउंड व आसपास की जगह को बारीकी से चेक किया। स्पेशल स्टॉप प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर किसी भी संभावित अपराध को रोकने व सुरक्षा को देखते हुए सर्च ऑपरेशन चलाया गया है।

## सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, संदिग्धों और बाहरी लोगों पर विशेष नजर



**भिवानी।** गणतंत्र दिवस के मध्यनजर सभी थाना प्रबंधकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीमें होटल, ढाबे, धर्मशालाएं, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। सर्च अभियान के दौरान दूसरे राज्यों से आकर जिले में निवास अथवा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की पहचान का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने आग्रह किया है कि यदि किसी को अपने आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु दिखाई दे, तो उसे छुए नहीं और इसकी सूचना तुरंत डायल 112 या नजदीकी पुलिस थाना/चौकी को दें।

**कोहाड़ ग्राम पंचायत की विशेष सभा आज** **भिवानी।** कोहाड़ के पंचायत घर में सरपंच सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 24 जनवरी को एक बजे ग्राम सभा होगी। ग्राम सचिव रोहताश ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

# पेट डॉग डिलीवरी के नाम पर 80,000 की ऑनलाइन ठगी

- पुलिस ने आरोपी को पलवल से दबोच लिया

**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस ने फेसबुक के माध्यम से पेट डॉग की ऑनलाइन डिलीवरी के नाम पर 80,000 की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यशेन्द्र निवासी भिवानी ने थाना साइबर क्राइम भिवानी में दी शिकायत में बताया है कि 14 जनवरी को उसने फेसबुक पर पैट डॉग खरीदने संबंधी विज्ञापन देखा था। शिकायतकर्ता द्वारा संपर्क करने पर आरोपियों ने पैट डॉग की कैश ऑन डिलीवरी के माध्यम से सप्लाई करने की बात कही और विभिन्न चार्ज के नाम पर उससे अस्सी हजार रुपये ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवा लिए। बार-बार संपर्क करने पर भी आरोपियों ने उसे न तो पैसे वापस किए और न ही डॉग की डिलीवरी की। इसी मामले में थाना साइबर क्राइम भिवानी के मुख्य सिपाही रफीक की टीम ने आरोपी को पलवल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान अकिल पुत्र शाहिद निवासी मलूका, थाना उटावड़, जिला पलवल के रूप में हुई है।

## कलिंगा में राजा भोज का जन्मोत्सव मनाया



**भिवानी।** गांव कलिंगा में राजा भोज जन्मोत्सव पर अतिथियों का अभिनंदन करते परमार खाप 84 के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** बसंत पंचमी पर्व पर आदर्श गांव कलिंगा में परमार खाप 84 ने राजा भोज जन्मोत्सव सादगी से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल विजय सिंह परमार ने की तथा मंच संचालन जितेन्द्र सिंह परमार कलिंगा ने किया। धीरज सिंह परमार ने राजा भोज के जीवन पर प्रकाश डाला।

परमार ने बताया के राजा भोज शिक्षा प्रेमी थे उन्होंने 84 ग्रंथ लिखे। भोज तालाब वनवाया. भोजशाला मे सैंकड़ों छात्र पढ़ते थे। जितेन्द्र सिंह परमार ने आज के युवाओं से अपील करते हुए राजा भोज के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। परमार खाप 84 हरियाणा के संस्थापक वेदपाल सिंह परमार ने बताया के धामायण 12 गांव से संगठन के लिए महासचिव लेना है, कोई नाम देने का कष्ट करै। उपस्थित गणमान्य ने विचार-विमर्श कर मान सिंह परमार कलिंगा का नाम दिया, जो सभी ने स्वीकार किया। राजा भोज जन्मोत्सव के अवसर पर जापान सिंह परमार, मास्टर संदीप सिंह परमार रानीला, धीरज सिंह परमार रिवाडी, कुलदीप सिंह परमार फूलपूरा ने अपने विचार रखे। मास्टर संदीप सिंह परमार ने सभी उपस्थित गणमान्य का स्वागत किया और वीर विक्रमादित्य संगठन की तरफ से सभी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया।

एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल
कैंसर के इलाज में आपका भरोसेमंद साथी
NABH मान्यता प्राप्त
कैंसर की पूरी जांच और इलाज, अब आपके पास
ESIC लाभार्थियों के लिए अच्छी खबर!
एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल अब ESIC के पैनल में शामिल
कुंडली, सोनीपत में आधुनिक और सम्पूर्ण कैंसर सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
अस्पताल निम्न पैनलों में भी शामिल है:
CGHS, CRPF, CISF, SSB, ITBP, BSF, NSG, दिल्ली पुलिस, तथा प्रमुख बीमा कंपनियाँ और टीपीए
संपर्क करें 9138111625

सुशांत सिटी, कुंडली, रसोई गाँव के पास, सोनीपत
www.andromedahospital.in
Scan the code to open the Google Map



शोरुम :- विजय नगर, केएम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पास, हांसी गेट, भिवानी टेली. 77290-93000



# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

## लाइफ Style



# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।

## हॉलीवुड मसाला



# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।



# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।



## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।







### परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

## खबर संक्षेप

### संयुक्त किसान मोर्चा ने सर छोटू राम को किया याद

**बाढड़ा।** किसान मसीहा दीनबंधु सर छोटू राम की जयंती के अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसान नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सर छोटू राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सर छोटू राम ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उनके बनाए कानूनों और नीतियों से किसान समाज को नई दिशा मिली।

### विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

**लोहारू।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में स्वामी सच्चिदानंद के नेतृत्व में निकाली जा रही जनजागृति यज्ञ यात्रा का गागड़वास गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने भव्य स्वागत किया और उन्होंने नशामुक्ति की शपथ भी ली। स्वामी सच्चिदानंद ने जीवन में सात्विकता और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली पूंजी है और इसे व्यसनों से बचाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### 'संस्कारवान व्यक्तित्व का निर्माण योग से संभव'

**बाढड़ा।** हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक कार्यालय चरखी दादरी के दिशा निर्देश अनुसार राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव हुई के प्रांगण में योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। यह योग 12 जनवरी से 12 फरवरी तक समस्त हरियाणा में चलाया जाएगा। सूर्य नमस्कार का अभ्यास सभी योगिक क्रियाओं में सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि केवल मात्र इसके करने से हमारे संपूर्ण शरीर के प्रत्येक अंग का व्यायाम हो जाता है।

### शिविर में समाजसेवा एवं लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा

**भिवानी।** बापोड़ा स्थित शहीद प्रताप सिंह राजकीय वमा विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का चौथा दिन शुक्रवार को ऊर्जा एवं प्रेरणा से भरपूर रहा। मुख्यतिथि के रूप में प्राचार्य दीपक कुमार एवं हसला राज्य सचिव अशोक महत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एनएसएस अधिकारी रामचंद्र शास्त्री मौजूद रहे। अशोक कुमार ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं रामचन्द्र शास्त्री ने एनएसएस के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा की।

### योग करने व नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

**चरखी दादरी।** बीआर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल बिरहीकलां में विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देने हेतु सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में आयुष विभाग की टीम तथा संस्था के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और स्टाफ ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कर योग के महत्व को समझा। कार्यक्रम में आयुष विभाग की टीम के सदस्यों सुमन, योगेश सांगवान, मित्रसेन आर्य, बिशन सिंह आर्य ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की सही विधि, इसके लाभ और नियमित अभ्यास से होने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी।

### पंचवटी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बहल।** गोकलपुरा के मकड़ाणा धाम में महाराणा प्रताप की जयंती एवं बसंत पंचमी के अवसर पर ग्रामीणों ने पंचवटी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण प्रेमी महावीर सिंह चहल ने आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पौधे जब तक पेड़ न बन जाएं तब तक उन्हें संरक्षित करने का आहवान किया। चहल ने कहा कि हम समय रहते नहीं चेते तो दिन प्रतिदिन बीमारियां जन्म लेंगी।

# बुढ़ापा पेंशन कटने से बुजुर्गों में रोष, बहाली के लिए सौंपा ज्ञापन

## बुजुर्ग बोले-पेंशन बहाल नहीं की तो आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे

- जिन लोगों की पेंशन काटी गई है, उनकी उम्र 60 वर्ष से ज्यादा, आय का कोई अन्य साधन भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

बुढ़ापा पेंशन कटने से नाराज बुजुर्गों व भाकियू के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को एकत्र होकर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। इसके बाद एसडीएम आशीष सांगवान के माध्यम से मुख्यमंत्री सरकार को ज्ञापन भेजकर पेंशन पुनः बहाल करने की मांग की गई। इस दौरान भाकियू जिला प्रधान हरपाल भांडवा, गिरधारी मोद, कमल सिंह हडौदी आदि बुजुर्गों ने बताया कि जिन लोगों की पेंशन काटी गई है, उनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है। इन बुजुर्गों की आय का कोई अन्य साधन नहीं है और बुढ़ापा पेंशन ही उनके जीवन-यापन का एकमात्र सहारा है। पेंशन बंद होने से उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे बुजुर्गों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उनकी पेंशन बहाल नहीं की गई तो बुजुर्ग आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि जल्द समाधान नहीं कया तो सभी बुजुर्ग आंदोलन करने को मजबूर होंगे,वही एमपी,एमएलए भी पेंसन ले रहे है या तो उनकी पेंसन भी बंद की जाए नहीं तो सभी बुजुर्ग धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर हरपाल सिंह, रामअवतार, रामअवतार लाड, युवा कसान नेता संदीप मोद, सतवीर, जागेराम, रामकिशन, हरिसिंह, ऋषिराम, सुरेश, राजबीर, धर्मपाल, सत्यवीर, चन्द्र सिंह, करतार व मुखत्यार सहित अनेक बुजुर्ग मौजूद रहे।



बाढड़ा। बुढ़ापा पेंशन कटने पर एसडीएम को ज्ञापन सौपते बुजुर्ग व भाकियू पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### फैमिली आईडी से ना जोड़ा जाए बुढ़ापा पेंशन को

भाकियू जिला प्रधान हरपाल भांडवा ने कहा कि बुढ़ापा पेंसन को फैमिली आईडी की इंकम से जोडकर काटा जा रहा है जो गलत है। प्रदेश सरकार को बुजुर्गों की पेंसन ना काटी जाए क्योकि बुजुर्गों का घर इसी पेंसन के सहारे चल रहा है इसके अलावा इनके पास आय का कोई और साधननहीं है। इसलिए प्रदेश की भाजपा सरकार से मांग है कि जल्द ही जो बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन काटी गई है उसे फिर से शुरू किया जाए, नहीं तो सभी बुजुर्ग मिलकर धरना प्रदर्शनकरने को मजबूर होंगे।

### विधायक को भी दे चुके ज्ञापन

बुजुर्गों का कहना हैं कि बुढ़ापा पेंशन कटने से नाराज बुजुर्गों व भाकियू के पदाधिकारियों ने विधायक उमेद पातुवास से भी मिले और मु2यमंत्री के नाम उन्हे भी ज्ञापन सौपा गया था लेकिन अभी कोई समाधान नहीं हुआ है जिससे बुजुर्गों में रोष बना हुआ है आज फिर से एसडीएम के माध्यम से मु2यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौपा और जल्व समाधान की मांग की। ताकि बुजुर्गों की आजिविका चल सके। वह अपनी गुजर बसर कर सके।

### वृद्धावस्था सम्मान भत्ता काटना गलतः नरेश द्वारका

**बाढड़ा।** भारतीय जनता पार्टी सरकार वृद्ध लोगों का सम्मान भत्ता काट रही है, जिन लोगों की आय परिवार पहचान पत्र में तीन लाख से ज्यादा है, जिन लोगों के पास चौपहिया वाहन है, ऐसे लोगों का वृद्धावस्था सम्मान भत्ता काटा जा रहा है, जो निंदनीय है। ये बात जजपा किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली व जिला प्रैस प्रवक्ता राजेंद्र हूई ने कार्यकर्ताओं से मिलते हुए कही। नरेश द्वारका, ऋषिपाल उमरवास व विजय काकडोली ने कहा कि अगर भाजपा सरकार ने जो भी वृद्धावस्था पेंशन काटी है, उन वृद्धों की दुबारा पेंशन बहाल करनी चाहिए, अगर वृद्धावस्था पेंशन बहाल नहीं की गई तो जजपा प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने पर मजबुर होगी। इस अवसर पर जजपा प्रैस प्रवक्ता राजेंद्र हूई, धर्मवीर फोगाट, संदीप सिरसली, सुनील, संदीप सांगवान धारणी, हरपाल हंसावास आदि मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। बसंत पंचमी पर डेरा बाबा रामरूप में प्रसाद की सेवा करते हुए।

### भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद चखा

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के डेरा बाबा रामरूप में बसंत पंचमी पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद चखा। महंत बाबा गुमानदास जी महाराज ने बताया कि यहां हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। भक्तजनों में महाबीर अत्री, अनिल शर्मा, भिवानी बुलबल गुरू की शिष्या तेजस्वनी महंत, भूषण कक्कड़ सहित अनेक ने अपनी सेवाएं दी।



चरखी दादरी। हवन में आहुति डालते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आदर्श कोचिंग सेंटर में मनाई बसंत पंचमी

**चरखी दादरी।** आदर्श कोचिंग सेंटर में बंसत पंचमी पर हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत माता के महान सपूत सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धाजंलि भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विधिवत हवन-पूजन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संस्थान के स्टाफ और विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुतियां डाली और पूर्ण श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की।




भिवानी। विद्या की देवी मां सरस्वती पूजन करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बसंत पंचमी मनाई

**भिवानी।** मंढौला स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं अनुशासित वातावरण में मनाया गया। बच्चों के सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया।। प्राचार्य नरेंद्र यादव ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों को अपनाने का संदेश देती है। ऐसे आयोजन बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।



भिवानी। विश्विवद्यालय में सरस्वती पूजन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा चरित्र निर्माण, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों का सशक्त आधार : कुलपति

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के रामानुजन भवन, प्रेम नगर परिसर में कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के मार्गदर्शन, सानिध्य एवं गरिमामयी उपस्थिति में मां सरस्वती पूजन का पावन एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के सुमधुर गायन के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इसके उपरांत पुष्पांजलि अर्पण कर विद्या, बुद्धि एवं विवेक की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती से ज्ञान, सद्बुद्धि एवं सफलता की कामना की गई। इस अवसर पर कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने कहा कि शिक्षा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह चरित्र निर्माण, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों का सशक्त आधार है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को निरंतर अध्ययन, शोध एवं नवाचार की दिशा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह आयोजन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने सर छोटूराम को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चा भिवानी ने चौ. छोटूराम चौक पर बसन्त पंचमी के दिन महान स्वतंत्रता सेनानी व आजाद हिन्द फौज के सर्वोच्य कंमाडर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 129 वीं जयन्ती तथा रहबरे आजम चौधरी छोटूराम का जन्म दिन मनाया । कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा भिवानी के नेता बलबीर सिंह बजाड़ ने की । किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओम प्रकाश , युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान व दलित अधिकार मंच के संयोजक सुखदेव पालवास ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने देश भक्ति के नारे देकर युवाओं को कुर्बानियां देने के लिए प्रेरित किया था और स्वयं को भी थोड़ी उम्र में अंग्रेजों द्वारा रचे गए जाल में शहीद होना पड़ा था । वहीं इस अवसर पर किसान मजदूरों के नेता रहबरे आजम चौधरी छोटूराम का भी जन्म दिन मनाया गया , क्योंकि उन्होंने मरने से पहले इच्छा जाहिर की थी कि उनका जन्म दिन बसन्त पंचमी के दिन मनाया जाए , क्योंकि इस मौसम में किसान की फसल लहलाती है और किसान मजदूर अपने खेतों में लहलाती फसल को देकर अपने अरमानों को पूरा करने की मनोकामना करते हैं । इसलिए किसानों की खुशहाली के साथ उनको याद करना जरूरी है । आज के कार्यक्रम में छाजुराम सुखपुरा , पूर्व पार्षद ईश्वर मान , राजेश पूनिया , सुमेर सिंह खिलाड़ी , सुरेश घनघस , महाबीर फौजी , अनूप राठी , राजपाल सांगवान , दिलबाग ढुल आदि मौजूद रहे।





भिवानी। खरक मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### दादी सती जाबदे की पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी

**भिवानी।** जिले के गांव खरक कलां में इस बार भी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर दादी सती जाबदे मेले का आयोजन किया गया। मेले में दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और दादी सती जाबदे के चरणों में पूजा-अर्चना कर अपनी-अपनी मन्नतें मांगी। इस अवसर पर अशोक प्रधान, डॉ. बृजपाल पप्पू, संदीप खरकिया, प्रकाश, पवन सेठ, जयराम मल्हान, डॉ. रविंद्र भोलू आदि ने सहयोग किया।

## संगठन की मजबूती पर जोर, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संभाल ली जिम्मेदारी

- पार्टी की रीढ़ के साथ जनसमस्याओं को उठाने वाले मजबूत सिपाही भी हैं कार्यकर्ता : गुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रोहतक रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करना और आगामी संगठनात्मक कार्यों की रूपरेखा तैयार करना था।

गुलिया ने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर भव्य अभिनंदन किया। बैठक की शुरूआत में किसान-मजदूरों के मसीहा सर छोटूराम व महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस को नमन किया।

इस दौरान प्रदीप जोगी ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि दोनों महापुरुषों ने किसान-मजदूरों को साहुकारों व अंग्रेजों से बचाने के लिए जंग लड़ी थी, आज इनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए भाजपा से देश व प्रदेश को बचाने के लिए लड़ाई लड़नी होगी तथा ये जिम्मेदारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। गुलिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ रहा है।



भिवानी। कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी का अभिनंदन करते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



### बीके स्कूल में वसंत पंचमी का उत्सव मनाया

**बवानीखेड़ा।** बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वसंत पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, वशिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह , कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया गया। विद्यार्थियों द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन हमें उल्लास और ऊर्जा से भरे रहने का संदेश देता है। उन्होंने यह भी बताया कि यह दिन हमें हमारे भीतरी सौंदर्य का बोध करवाता है कि जीवन का सौंदर्य बाहर से सुंदर दिखने में नहीं बल्कि भीतर से जागृत होने में है। आचार्या प्रोमिला वर्मा ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में 'सरस्वती' शब्द की व्याख्या करते हुए उसका अर्थ बताया। इस अवसर पर संध्या, शिम्पी रानी, मीनू वालिया ,मीनाक्षी शिखा, सोनू कुमारी, गीता, सतेंद्र तंवर , रोहित आदि विद्यालय का समस्तस्टाफ उपस्थित रहा।



बवानीखेड़ा। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### आनंद स्कूल में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, स्वामी विवेकानंद जयंती, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करना, महान विभूतियों के विचारों से प्रेरणा लेना तथा भारतीय संस्कृति व परंपराओं से जोड़ना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के महत्व के बारे में बताया गया।

**सांग महोत्सव** नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर देते सांग महोत्सवः मुकेश

## सेठ ताराचंद के त्याग एवं धर्म की कहानी सुनाई, श्रोताओं को किया भाव-विभोर

सांग महोत्सव में लोक संस्कृति और नैतिकता का अनूठा संगम देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव बापोड़ा में हरियाणा कला परिषद के सहयोग से करवाए जा रहे सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद जयंती महोत्सव के चौथे दिन शुक्रवार को लोक संस्कृति और नैतिकता का अनूठा संगम देखने को मिला। रिमझिम बारिश की बूंदों के बीच सांग सम्राट रामशरण अत्री व उनकी टोली ने सेठ ताराचंद सांग के दूसरे भाग का भावपूर्ण मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांग के माध्यम से रामशरण अत्री ने बताया कि दिल्ली के प्रसिद्ध दानवीर सेठ ताराचंद कैसे अपने भाई की बातों में आकर धर्म-कर्म का मार्ग छोड़ देते हैं। इसके बाद उनके जीवन में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ता है और व्यापार में भारी घाटा होता है। कलाकारों ने सांग के माध्यम से बताया कि गरीबी इस कदर बढ़ी कि सेठ को अपने पुत्र चंद्रगुप्त को हापुड़ के सेठ मनसाराम के पास गिरवी रखना पड़ा। विपरीत हालातों में भी सेठ ताराचंद ने फिर से मेहनत शुरू की। लकड़ी बेचकर होने वाली कमाई का हिस्सा उन्होंने पुनः गौ-सेवा और धर्म कार्यों में लगाना शुरू किया। उधर पुत्र चंद्रगुप्त ने अपनी योग्यता से सिंगल दीप (श्रीलंका) के व्यापार में अपार सफलता पाई और वहां के सेठ की बेटी से उनका विवाह हुआ। अंततः धर्म की राह पर लौटने से सेठ ताराचंद के दिन फिरे और परिवार पुनः हंसी-खुशी एक हो गया। सांगी रामशरण अत्री ने अपनी बुलंद आवाज में पंडित लख्मीचंद की कालजयी रागिनियों को प्रस्तुत किया। विशेष रूप से मेरी आत्मा नू कहती फूलो फलो सुहाग तेरा, लेन-देन में कसर ना छोड़ी आगे बेटी भाग तेरा, जहाज के माह बैठ सेठानी आई दिल्ली में, फिरे टोहवती मिले ननद का भाई दिल्ली में इन पंक्तियों ने खूब वाहवाही बटोरी।



भिवानी। सेठ ताराचंद सांग की प्रस्तुति देते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

### शॉल भेंटकर सम्मानित किया

खराब मौसम और हल्की बूंदाबांदी के बावजूद, बड़ी संख्या में ग्रामीण सांग का आनंद लेने डटे रहे। सांगी की संवाद अदायगी और कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दिल्ली और हापुड़ के पुराने परिवेश को मंच पर जीवंत कर दिया। अंत में सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद आयोजन समिति ने मुख्य सांगी रामशरण अत्री को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। योजन समिति के सदस्य विनोद प्रधान, मुकेश बापोड़ा ने कहा कि आयोजनों से न केवल नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों का प्रचार भी होता है।



चरखी दादरी। मां सरस्वती की पूजा करते स्टाफ व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एचडी पब्लिक स्कूल में मनाया बसंत पंचमी पर्व

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में विद्या, ज्ञान और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की आराधना का पावन पर्व बसंत पंचमी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया। शास्त्री हरिओम भारद्वाज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती की विधिवत पूजा सम्पन्न करवाई। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला।

### फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में मनाया बसंत पंचमी पर्व

**चरखी दादरी।** फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में बसंत पंचमी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास से मनाई। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत नजर आया। शिक्षकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद मांगा।

**सूचना**

मैं, ओमप्रकाश पुत्र श्री किशन लाल निवासी गांव चांग, तह. व जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रविन्द्र मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### एचकेआरएन कर्मियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** भारत निर्माण युवा दल भिवानी द्वारा सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। इसी क्रम में दल के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व ओएसडी अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों के वेतन संबंधी मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। भारत निर्माण युवा दल ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि एचकेआरएन के अंतर्गत विभिन्न विभागो में कार्यरत कर्मचारी अल्प वेतन समस्याओं से जूझ रहे हैं।

### राम जी योजना से आएगी ग्रामीण विकास में तेजी

**भिवानी।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि वीबीजी राम जी योजना से ग्रामीण विकास में और अधिक तेजी आएगी। राज्यों और जिलों से भेजे जाने वाले ग्रामीण विकास के प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा राशि जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा में संशोधन कर अब मजदूरों के काम को 100 की बजाय 125 दिन किया गया है, जिससे जरूरतमंद मजदूरों को और अधिक रोजगार मिलेगा। सांसद ने कहा कि गांवों में मजदूरों को नियमानुसार सही तरीके कार्य नहीं देने वाले मेठों के खिलाफ कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार से सिफारिश की जाएगी।

### शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधि मंडल

**भिवानी।** प्रतिनिधि मंडल ने बहुत समय से लंबित बोर्ड से संबंधित बोर्ड परीक्षाओं में सुपरीटेंडेंट सुपरवाइजर क्लर्क एवं परीक्षा केंद्र प्रमुख को बोर्ड के द्वारा दिए जाने वाले मानदेय के विषय में एवं कक्षा दसवीं एवं 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए मिलने वाली राशि के संबंध में शिक्षकों का पक्ष रखा। आपसी विमर्श के उपरांत बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ पवन कुमार ने शिक्षकों की मांगों पर सहमति जताई। चेयरमैन के आश्वासन मिलने पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के हरियाणा के अध्यक्ष रामवीर शर्मा ने बोर्ड के अध्यक्ष को धन्यवाद दिया व निवेदन किया की शीघ्र की घोषणा कर दी जाए।

### पराक्रम दिवस पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**भिवानी।** आज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में पराक्रम दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भिवानी जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों की भी सराहनीय सहभागिता रही।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन मध्य एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए किया गया, जिसमें हलवासिया विद्या विहार, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तथा केंद्रीय विद्यालय पालुवास के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

---

### नेताजी जनता के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे, वे देश के छात्र-नौजवान व आमजन के प्रेरणास्त्रोत: बासिया

- प्रजापति धर्मशाला में सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर यादगार सभा का आयोजन

# एआईडीवाईओ ने महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को किया नमन, दी श्रद्धांजलि



भिवानी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को नमन करते एआईडीवाईओ के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चेतराम प्रजापति धर्मशाला दिनोद गेट में युवा संगठन आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीवाईओ) और शहीद एवं महापुरुष यादगार कमेटी के बैनर तले महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 129वीं जयंती पर यादगार सभा हुई। सभा की अध्यक्षता शहीद व महापुरुष यादगार कमेटी के जिला संयोजक कामरेड राजकुमार बासिया ने की और सभा का संचालन युवा संगठन एआईडीवाईओ के जिला संयोजक संदीप मेहरा ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामफल सुहाग ने कहा कि नेताजी जनता के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे, वे देश के आम आदमी, खासकर छात्र-नौजवानों के सामने देशप्रेम, कुर्बानी, साहस, बहादुरी और धर्मनिरपेक्षता की बेजोड़ मिसाल है। देश की आजादी से उनका मतलब जुल्मी अंग्रेजी राज का खात्म कर राजनीतिक आजादी पाने के साथ-साथ देश की जनता को हर तरह के शोषण-जुल्म से मुक्ति दिलाना और सामाजिक उत्पीड़न, गरीबी, अशिक्षा और जातपात-साम्प्रदायिकता को भी समाप्त कर नया समाज कायम करना था। वक्ताओं ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश को विदेशी शासन के जुल्म से राजनीतिक आजादी मिली, लेकिन शोषण से मुक्ति का नेताजी का सपना पूरा नहीं हुआ। आजादी के 79 साल बाद भी देश की जनता घोर गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा, कुपोषणऔर महिलाओं पर अत्याचारों से परेशान है। श्रमिक नेता धर्मबीर सिंह, किसान नेता रोहताश सिंह और राजेश कुमार दिनोद ने नेताजी पर अपने विचार रखे।

> आजादी के 79 साल बाद भी जनता अत्याचारों से परेशान



भिवानी। सर छोटूराम को नमन करते सेक्टर-23 रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

### सेक्टर-23 रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस व सर छोटूराम की जयंती

**भिवानी।** सेक्टर-23 स्थित चौधरी छोटूराम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को सेक्टर-23 रैजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने चौधरी छोटूराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। एसोसिएशन के प्रधान सज्जन सिंगला ने महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस व सर छोटूराम को याद करते हुए कहा कि 23 जनवरी का दिन बेहद खास है। इस दिन न केवल किसानों के पथ-प्रदर्शक चौधरी छोटूराम की जयंती है, बल्कि महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती और बसंत पंचमी का शुभ अवसर भी है।

प्रधान सज्जन सिंगला ने नई पीढ़ी के भविष्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युवाओं को नशे जैसी बुरी लत से बचाना अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों और समाज से अपील की कि बच्चों को बचपन से ही हमारे महापुरुषों के योगदान और उनकी जीवनगाथा के बारे में बताया जाना चाहिए। कार्यक्रम में लीगल एडवाइजर व तोशाम बार के पूर्व प्रधान राकेश नेहरा ने छोटूराम के जीवन पर प्रकाश डाला। कृष्ण डबास ने कहा कि महापुरुष किसी वर्ग विशेष के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज के लिए आदरणीय होते हैं। इस अवसर पर ताराचंद यादव, अरविंद शर्मा, डॉ. राजेश ग्रेवाल, डॉ. विजय सनसनवाल, धर्मबीर सिवाच, ,प्राचार्य होशियार सिंह आदि मौजूद रहे।

> अच्छे भविष्य के लिए युवाओं को महापुरूषों के विचारों को अपनाना जरूरी



भिवानी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते सैनी कल्याण परिषद के सदस्य।

### सैनी कल्याण परिषद ने मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

**भिवानी।** सैनी कल्याण परिषद ने देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती को शुक्रवार को बेहद गर्व और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर दादरी गेट पर कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने नेताजी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान और साहस को याद किया। कार्यक्रम के दौरान परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी और उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक शहर में एक प्रतिष्ठित बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था।

उन्होंने नेताजी के सैन्य कौशल पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने उन्होंने सुप्रीम कमांडर (सर्वोच्च सेनापति) के रूप में सेना को संबोधित किया था। इसी ऐतिहासिक संबोधन में उन्होंने दिल्ली चलो का नारा दिया था। नेताजी की सेना ने ब्रिटिश और कॉमनवेल्थ सेना के खिलाफ बर्मा, इम्फाल और कोहिमा के मोर्चों पर डटकर मुकाबला किया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। इस अवसर पर सलाहकार व वरिष्ठ सदस्य जगदीश चंद्र सलाहकार, वीर सिंह सैनी, नवनीत सैनी, दीपक शर्मा, अभिमन्यु, विदु कुमार, रोहित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन जयहिंद के नारों के साथ हुआ।

> नेताजी के प्रयासों ने स्वतंत्रता संग्राम को दी थी नई दिशा

## किसान मोर्चा ने मनाई नेताजी व छोटूराम जयंती

- सर छोटूराम व नेताजी की विचारधारा युवाओं एवं किसानों के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक : खरेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

तोशाम स्थित सर छोटूराम चौक शुक्रवार को गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट एवं ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने किसानों के मसीहा दीनबंधु सर छोटूराम और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें नमन करके की। वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्षों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा, दयानंद हवलदार, पप्पू नंबरदार व जंगबीर अलखपुरा ने कहा कि सर छोटूराम ने किसानों को साहूकारी प्रथा के चंगुल से छुड़वाने के लिए कानून बनवाए। वहीं नेताजी सुभाषचंद्र बोस के तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर देश को आजाद करवाया।



तोशाम। सर छोटूराम को नमन करते ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के सदस्य।

### नेता जी की जयंती पर पुष्प अर्पित किए


**बाढड़ा।** नेताजी की कुर्बानी ने देश को आजाद करवाया था। जिनका आज जन्मदिन है नेताजी बंगाल में बड़े घर में पैदा होने पर दुनिया की सबसे बड़ी परीक्षा पास करने के बाद भी एस आराम छोड़ देश की आजादी के लिए निकल पड़े थे और अपनी सेना आजाद हिंद फौज तैयार कर अग्रेजों को भारत छोडने पर मजबूर कर देश आजाद करवाया। ये बात समाजसेवी मुनीश बडेसरा ने नेता जी को पुष्प अर्पित कर कहा कि आज का दिन सबसे बड़ा दिन है आज दो महान योद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चौधरी छोटूराम का जन्मदिन है और बसंत पंचमी का पर्व है।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार : कौशिक

- सूर्यनमस्कार छात्रों के सर्वांगिण विकास के लिए श्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

सरकार द्वारा हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में और जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे सूर्यनमस्कार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को खंड बवानी खेड़ा के प्रसिद्ध खेल गांव अलखपुरा ग्राउंड पर आयुष योग सहायक गजानंद व अशोक कुमार ने सभी फुटबॉल खिलाड़ियों को सूर्यनमस्कार करवाया गया। गजानंद कौशिक ने बताया कि सूर्यनमस्कार हम्मारे सर्वांगीण विकास के लिए श्रेष्ठ रहता है जिसे हमें प्रतिदिन अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, सूर्यनमस्कार हमें स्वस्थ रखने के साथ साथ हमारे शरीर को लचीला भी बनाता है जो की हमारे खेल विकास को आगे बढ़ने में सहायता करता है । इस अवसर पर अलखपुरा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सुरेश जाखड़ फुटबॉल प्रशिक्षिका सोनिका बिजारानिया, बनिता मौजूद रही।



बवानीखेड़ा। गांव अलखपुरा खेल मैदान में सूर्य नमस्कार के तहत योग करते हुए।

### नेताजी के जीवन से प्रेरणा लें युवाशक्तिः महेन्द्र

**भिवानी।** युवा नशे की तरफ आगे बढ़ रहा है, उन्हें नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है, ताकि हमारे देश की युवा पीढ़ी कमजोर न पड़े, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। यादव ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन देशभक्ति, साहस और त्याग की मिसाल है। उन्होंने युवाओं को देश के प्रति समर्पित रहने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। इस मौके पर जसबीर फोजी, सुरजभान, बिजेन्द्र कोट, रणबीर संगावान, धर्मपाल ग्रेवाल, सुरेश किराड़, रामअवतार गुप्ता, रामपाल यादव, अमरसिंह यादव, प्रकाश धनाना, विद्यानन्द यादव, सुभाष बामला, जंगबीर भैणी व रामनिवास आदि मौजूद रहे।



भिवानी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को नमन करते स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### भाविप ने वीर हकीकत राय व नेताजी सुभाषचंद्र बोस को किया नमन




- नेताजी जैसे महापुरुषों का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत : अशोक शर्मा

नेताजी सुभाषचंद्र बोस व वीर हकीकत राय को नमन करते भाविप के सदस्य।

**भिवानी।** शुक्रवार को भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल धींगड़ा शाखा ने बसंत पंचमी पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया। शाखा के सदस्यों ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस और महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया। भाविपा के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों के चरणों में श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वातावरण वीर हकीकत राय अमर रहें और नेताजी सुभाषचंद्र बोस अमर रहें के नारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाविपा के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने वीर हकीकत राय के अदम्य साहस और धर्म की रक्षा हेतु दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दी गई तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसी प्रेरणा और आजाद हिंद फौज के गठन के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर गतिविधि संयोजक जगदीशचन्द्र शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, हंसराज गुलाटी, तिलकराज अरोड़ा, प्रिंस महता, अनिल मखीजा आदि मौजूद रहे।

## धर्मसेना ने दिव्यांग बच्चों के बीच मनाई सुभाष चंद्र बोस जयंती

- गांव सरल में मनाया गया धर्मसेना स्थापना दिवस, बसंत पंचमी व नमन सूरा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

जेबीडीएम कॉलेज ऑफ़ स्पेशल एजुकेशन सरल में धर्मसेना की तरफ से धर्मसेना स्थापना दिवस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, बसंत पंचमी व नमन सूरा का जन्मदिन, हवन करके माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर व केक काटकर और पौधारोपण करके मनाया गया। इस दौरान धर्मसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलवान आर्य व जिला अध्यक्ष मास्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में शामिल थे। वे साहस, त्याग और देशभक्ति की अद्भुत मिसाल हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान और जर्मनी का सहयोग प्राप्त कर /"आजाद हिंद फौज/" की स्थापना की। आजादी के लिए युवाओं को जोश से भर देने वाले नारे दिए, जो आग की तरह पूरे देश में फैलें। इसमें /"तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा/" और /"दिल्ली चलो /" काफी चर्चित रहे। इतना ही नहीं अपने ओजस्वी भाषण और नारों से उन्होंने बाहरी देशों का भी सहयोग प्राप्त किया। धर्मसेना के पदाधिकारियो का संस्था निदेशक सुनील सूरा के द्वारा स्वागत व धन्यवाद किया गया।

---

### ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा का दिन भी है बसंत पंचमी

## श्रद्धा व भक्ति को एक साथ याद दिलाए वह महान दिन:कंवर

> राय सालिगराम के आग्रह पर 1861 में सत्संग को आम जीवों के लिए जारी किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बसन्त पंचमी का दिन राधास्वामी मत की संगत के लिए सबसे बड़ा है क्योंकि राधास्वामी मत के अधिष्ठाता स्वामी महाराज ने अपने गुरुमुख शिष्य राय सालिगराम जी के आग्रह पर बसन्त पंचमी के ही दिन सत्संग को आम जीवो के लिए 1861 में जारी किया था। यही कारण है कि राधास्वामी मत से जुड़े जीव के लिए तो यह दिन ही सबसे बड़ा तीर्थ,सबसे बड़ा स्नान सबसे बड़ी भक्ति का दिन है। यह सत्संग वाणी राधास्वामी परमसंत सतगुरु कँवर साहेब महाराज ने पानीपत जिले के गांव अंटा में सफीदो रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाई। हुजूर कंवर साहेब महाराज ने फरमाया कि आज का दिन का यह महत्व भी है कि यह दिन मां सरस्वती की पूजा का दिन भी है। जो दिन ज्ञान श्रद्धा और भक्ति को एक ही समय पर याद दिलाए उससे बढ़कर कोई महान दिन हो ही नही सकता।



भिवानी। आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब। *फोटो : हरिभूमि*

### बसंत पंचमी पर नई ऋतु की होती है शुरुआत

उन्होंने कहा कि राधास्वामी सत्संग दिनोद के लिए तो ये और भी बड़ा दिन है क्योंकि बसन्ती पंचमी के दिन ही अंटा गांव की इस पावन भूमि पर परमसंत ताराचंद जी महाराज अपना मौन व्रत खोला करते। गुरु महाराज ने फरमाया कि कोई कोई भूमि इतनी पावन और पूज्य हो जाती है कि वहाँ सदा परोपकार और परमार्थ की गंगा बहती है। जहाँ महापुरुष तप करते हैं वो भूमि तो स्वय ही पूजनीय और पवित्र हो जाती है। हुजूर महाराज ने फ़रमाया की सतगुरु के मिलन से हमारे सारे दुख बिसर जाते है और भर्म के पर्दों से ढके हमारे अंतर के कपाट खुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि बसंत बांचमी के दिन से नई ऋतु की शुरुआत होती है इसलिए आपके अंतर के वातावरण के लिए भी यह दिन नई शुरुवात वाला होना चाहिए। आज से अपने आप को प्रभु नाम से जोड़ो। गुरु महाराज ने कहा की प्रभु पर भरोसा रखो वो कभी हमारे कल्याण के मार्ग में बाधा नहीं आने देगा। मालिक की रजा को समझो क्यूंकि इंसान के सोचे कुछ नहीं होता बल्कि होता वहीं है जो परमात्मा चाहता है इसलिए अपने आप को सतगुरु को समर्पित कर दो। उन्होंने कहा की नाम की भक्ति करना चाहते हो तो बेनामी हो जाओ। भक्ति भी तीन तरह की है। पहली स्वयं की कामना की दूसरी किसी और के लिए कामना की और तीसरी निष्काम केवल परमात्मा के लिए भक्ति।

## सार्वजनिक शौचालयों की सफाई में कोताही मिली तो नपेगें ठेकेदार

- नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने सार्वजनिक शौचालयों का कराया सफाई का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अब शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। पिछले कई दिनों से शहर के सार्वजनिक शौचालयों की बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था सिरे चढ गई है। शहर के सभी शौचालयों पर ठेकेदार के सफाई कर्मचारी तैनात रहेंगे। फिलहाल शहर में सार्वजनिक शौचालयों की सीटों की संख्या करीब 200 के आसपास है। अगर सफाई में कहीं पर कोई गड़बड़ी मिली तो ठेकेदार पर जुर्माने के साथ ब्लैकलिस्ट तक की कार्रवाई होगी। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार से ठेकेदार ने अपने कारिंदों को नियुक्त कर दिया। इसी क्रम में शुक्रवार को नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने ठेकेदार के जरिए सार्वजनिक शौचालयों की सफाई का कार्य शुरू करवाया। शुक्रवार को भवानी प्रताप सिंह ने कृष्णा कॉलोनी में शुलभ शौचालय पहुंचे। इस मौके पर पार्षद पवन सैनी, सतेंद्र मोर, शिव कुमार गोठवाल, सफाई निरीक्षक विकास देशवाल, जतिन , सुनील कुमार के अलावा पार्षद व लोग मौजूद थे।



भिवानी। सार्वजनिक शौचालयों में सफाई का कार्य शुरू करवाते हुए।